ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow

संख्या-27/भाविवि/कुसका/2024 दिनांक 05/01/2024

## विद्यापरिषद की 16वीं बैठक की कार्यवाही

दिनांक 04 जनवरी 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सभागार में सम्पन्न विद्या परिषद की 16वीं बैठक की कार्यवाही में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित रहें :–

1. प्रो0 एन0बी0 सिंह, माननीय कुलपति – अध्यक्ष।
2. प्रो0 बलराज चौहान – सदस्य।
3. प्रो0 राजीव मनोहर – सदस्य।
4. प्रो0 मसऊद आलम, संकायाध्यक्ष, कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष/पुस्तकालय प्रभारी। – सदस्य।
5. प्रो0 सैय्यद हैदर अली, विभागाध्यक्ष, व्यवसाय प्रशासन विभाग। – सदस्य।
6. प्रो0 एहतेशाम अहमद, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय। – सदस्य।
7. प्रो0 तनवीर खदीज़ा, विभागाध्यक्ष, अंग्रेज़ी विभाग। – सदस्य।
8. प्रो0 फखरे आलम, विभागाध्यक्ष, उर्दू विभाग। – सदस्य।
9. प्रो0 सौबान सईद, आचार्य, उर्दू विभाग/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण। – सदस्य।
10. डॉ0 तत्हीर फ़ातिमा, संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय, सह–आचार्य, गृह विज्ञान विभाग। – सदस्य।
11. डॉ0 जमाल शब्बीर रिज़वी, सह–आचार्य, उर्दू विभाग। – सदस्य।
12. डॉ0 मोहम्मद अकमल, सहायक आचार्य, उर्दू विभाग। – सदस्य।
13. डॉ0 वसी अहमद आज़म अंसारी, सहायक–आचार्य, उर्दू विभाग। – सदस्य।
14. डॉ0 पूनम चौधरी, सहायक आचार्य, इतिहास विभाग। – सदस्य।
15. डॉ0 भावना मिश्रा, कुलसचिव। – सदस्य सचिव।

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। कुलसचिव द्वारा प्रस्तुत कार्यसूची पर विद्या परिषद् द्वारा बिन्दुवार निम्नांकित निर्णय लिये गये :–

**बिन्दु सं0–1** **विद्या परिषद् की 15वीं बैठक दिनांक 08 अगस्त, 2023 की संलग्न कार्यवाही के सम्पुष्टिकरण पर विचार।**

**निर्णय –** विद्या परिषद् की 15वीं बैठक दिनांक 08 अगस्त, 2023 की सम्पुष्टि की गयी।

**बिन्दु सं0–2** **विद्या परिषद् की 15वीं बैठक दिनांक 08 अगस्त, 2023 की कृत कार्यवाही। (ATR)**

**निर्णय –** विद्या परिषद् की 15वीं बैठक दिनांक 08 अगस्त, 2023 की कृत कार्यवाही (ATR) से अवगत हुयी एवं बिन्दु संख्या 2 पर प्रस्तुत रिर्पोट का संज्ञान लेकर Academic

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow

Bank of Credit के विश्वविद्यालय में क्रियाशील होन पर सदस्यों द्वारा अत्याधिक प्रशसां की गयी। बाह्य सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार multiple entry and exit system लागू करने में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ, द्वारा की गयी पहल की सराहना की गयी।

**बिन्दु सं0–3** **अष्टम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 13 जनवरी, 2024 में स्नातक एवं परास्नातक के पदक प्राप्तकर्ता 121 छात्र–छात्रों की सूची के अनुमोदन पर विचार।**

**निर्णय –** अष्टम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 13 जनवरी, 2024 में स्नातक एवं परास्नातक के पदक प्राप्तकर्ता 121 छात्र–छात्राओं को कुल 138 पदक की सूची पर विद्या परिषद द्वारा सूची का अनुमोदन किया गया।

**बिन्दु सं0–4** **अष्टम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 13 जनवरी, 2024 में स्नातक एवं परास्नातक के उपाधि प्राप्तकर्ता 1152 छात्र–छात्रों की सूची के अनुमोदन पर विचार।**

**निर्णय –** अष्टम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 13 जनवरी, 2024 में स्नातक एवं परास्नातक के उपाधि प्राप्तकर्ता 1152 छात्र–छात्रों की सूची पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–5** **अष्टम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 13 जनवरी, 2024 में पी0एच0डी0 के 32 शोधार्थियों को उपाधि प्रदान किये जाने के अनुमोदन पर विचार।**

**निर्णय –** अष्टम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 13 जनवरी, 2024 में पी0एच0डी0 के 32 शोधार्थियों को उपाधि प्रदान किये जाने के अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–6** **अष्टम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 13 जनवरी, 2024 में माननीया कुलाधिपति महोदया के कर–कमलों द्वारा पद्मभूषण प्रो0 कपिल कपूर को डी0लिट0 मानद उपाधि प्रदान किये जाने पर विचार।**

**निर्णय –** अष्टम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 13 जनवरी, 2024 में माननीया कुलाधिपति महोदया के कर–कमलों द्वारा पद्मभूषण प्रो0 कपिल कपूर को डी0लिट0 मानद उपाधि प्रदान किये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से उपाधि प्रदान करने का अनुमोदन दिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि प्रो0 कपिल कपूर विश्वविद्यालय के अतिथि माने जायेंगें एवं उनके आवागमन का व्यय विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जायेगा।

**बिन्दु सं0–7** **अन्तर्राष्ट्रीय कवि श्री गजेन्द्र सोलंकी द्वारा विश्वविद्यालय के कुलगीत की रचना एवं लयबद्ध किये जाने हेतु सम्मानित करते हुए मान–पत्र प्रदान किये जाने पर विचार।**

Add:- Sitapur-Hardoi Bypass Road Lucknow- 226013 U.P. (India) Contact:-0522-2774041-45, Fax-05222774046
Website:- www.kmclu.ac.in, Email:- reg@kmclu.ac.in

निर्णय – अन्तर्राष्ट्रीय कवि श्री गजेन्द्र सोलंकी द्वारा सृजित एवं लयबद्ध किये हुए विश्वविद्यालय के कुलगीत की प्रस्तुति की गयी। जिस पर विद्या परिषद के सदस्यों ने अत्यन्त प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलगीत के शब्दों, भावों एवं लय की सराहना करते हुए अनुमोदन दिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि श्री गजेन्द्र सोलंकी विश्वविद्यालय के अतिथि माने जायेंगें एवं उनके आवागमन का व्यय विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जायेगा।

**बिन्दु सं0–8 विधि अध्ययन संकाय में बी0ए0 एल0एल0बी एवं एल0एल0बी0 पाठ्यक्रमों में प्रवेशोपरान्त परीक्षाओं के सफल समापन का संसूचन।**

निर्णय – विधि अध्ययन संकाय में बी0ए0 एल0एल0बी एवं एल0एल0बी0 पाठ्यक्रमों में प्रवेशोपरान्त परीक्षाओं के सफल समापन से संसूचित हुयी।

**बिन्दु सं0–09 विश्वविद्यालय में भेषजी संकाय की मान्यता हेतु भारतीय भेषजी परिषद् के प्राप्त अनुमोदन के कम में बी0फार्मा (60 सीटें) एवं डी0फार्मा (60 सीटें) पर प्रवेश प्रकिया प्रारम्भ किये जाने की संसूचना।**

निर्णय – विश्वविद्यालय में भेषजी संकाय की मान्यता हेतु भारतीय भेषजी परिषद् के प्राप्त अनुमोदन के कम में बी0फार्मा (60 सीटें) एवं डी0फार्मा (60 सीटें) पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ किये जाने से संसूचित हुयी तथा कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

**अन्य बिन्दु माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से।**

**अन्य बिन्दु–01** विश्वविद्यालय में शोध सत्र 2018–2019 के उर्दू विभाग के एक शोधार्थी शराफत उल अमीन द्वारा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के शुल्क के उपरान्त कोई शुल्क नहीं जमा किया गया जिसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कुल 14 बार कार्यालय ज्ञाप जारी किया गया/शोधार्थी को व्यक्तिगत रूप से भी सूचित किया गया। परन्तु शोधाथी द्वारा कोई शुल्क जमा नहीं किया गया। शुल्क जमा न किये जाने के कारण शोधार्थी को अन्तिम अवसर विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 227/उप कुसका/भाविवि/2023 दिनांक 01.11.2023 द्वारा प्रदान किया गया। शोधार्थी द्वारा शुल्क (कुल रूपये 44980/–)नहीं जमा करने के कारण प्रवेश निरस्त करने पर मा0 विद्या परिषद के विचारार्थ प्रकरण प्रस्तुत किया गया।

निर्णयः– विद्या परिषद द्वारा सम्यक विचारोपरान्त शोधार्थी श्री शराफत उल अमीन पंजीकरण संख्या A-3046 का प्रवेश निरस्त किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही भविष्य में इस प्रकार के प्रकरणों पर आख्या प्रदान करने के लिए कुलसचिव, अधिष्ठाता शैक्षणिक, शोध समन्वयक की समिति गठित करने पर अनुमोदन प्रदान

करते हुए माननीय कुलपति महोदय को अन्तिम निर्णय लिए जाने हेतु अधिकृत किया गया।

अन्त में समस्त सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यापरिषद् की बैठक सम्पन्न हुई।

(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव / सदस्य सचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति / अध्यक्ष।